राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018
www. rsmsssb.rajasthan.gov.in *दूरभाष नं. 0141–2722520*

क्रमाकः प.14(99)RSSB/अर्थना/जन.सम्पर्क.अधि./भर्ती/2021/198 दिनांक : 14.02.2022

–:: संशोधित विज्ञप्ति ::–

–:: सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सीधी भर्ती–2021 ::–

बोर्ड द्वारा सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान के लिये सहायक जनसम्पर्क अधिकारी सीधी भर्ती–2021 हेतु दिनांक 24.11.2021 को विज्ञापन संख्या 07/2021 जारी किया गया था। इसके बाद विभाग द्वारा अनुसूचित क्षेत्र के लिए 07 पद स्वीकृत किये जाने से संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 24.1.2022 जारी कर अभ्यर्थियों से पुनः ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये गये है। जिन अभ्यर्थियों ने पूर्व में जारी विज्ञापन अनुसार आवेदन कर दिया है उन्हें पुनः ऑनलाइन आवेदन करने की आवश्यकता नहीं हैं। पूर्व में अनुसूचित क्षेत्र के जिन अभ्यर्थियों ने आवेदन कर दिया है, वे भी अपने ऑनलाइन आवेदन में अनुसूचित क्षेत्र के कॉलम में संशोधन कर सकते है।

ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की प्रक्रियाः– **बोर्ड द्वारा ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु कोई ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जायेगा।** ऑनलाईन आवेदन में संशोधन की प्रक्रिया निम्नानुसार होगी :–

1. यदि कोई अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन कराना चाहता है तो आवेदन प्राप्ति की अंतिम दिनांक के पश्चात् 07 दिवस के भीतर निर्धारित शुल्क 300/– रूपये देकर ऑनलाईन आवेदन में संशोधन कर सकता है। ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी के नाम, पिता के नाम, माता के नाम एवं पद नाम के अलावा अन्य प्रविशिष्टियों में संशोधन किया जा सकेगा। ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने एवं संशोधन हेतु निर्धारित फीस जमा कराने की प्रकिया ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया के समान ही होगी।
2. यदि किसी अभ्यर्थी के ऑनलाईन आवेदन में त्रुटि रह जाती है तथा वह किसी कारणवश आवेदन करने की अंतिम दिनांक के पश्चात् 7 दिवस के भीतर अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन नहीं कर पाता है तो उसे अपने ऑनलाईन आवेदन में संशोधन करने का एक ओर अंतिम अवसर परीक्षा आयोजन के पश्चात् ऑनलाईन त्रुटि संशोधन हेतु एक निश्चित समय दिया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन की त्रुटि को ऑनलाईन संशोधन कर सकेगा। ऑनलाईन आवेदन में संशोधन हेतु दिनांक एवं समय की सूचना पृथक से बोर्ड की वेबसाईट के माध्यम से दी जायेगी। उक्त निर्धारित समय में अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में निर्धारित संशोधन शुल्क 300/– रूपये ऑनलाईन आवेदन करने की प्रक्रिया के समान भुगतान कर संशोधन कर सकेगा। ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी केवल श्रेणी, क्षैतिज श्रेणी, विशेष श्रेणी/उप श्रेणी, जन्मतिथी, वैवाहिक स्थिति यथा विधवा, परित्यक्ता एवं लिंग इत्यादि में संशोधन कर सकेगा।
3. अभ्यर्थी अपने ऑनलाईन आवेदन में अपने स्वयं के नाम, माता–पिता के नाम, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं अपने हस्ताक्षर में संशोधन नहीं कर सकेगा। आवेदक को अपने नाम, माता–पिता के नाम, पत्ते, शैक्षणिक योग्यता, फोटो एवं हस्ताक्षर से संबंधित त्रुटियों में संशोधन के लिये (चयन होने की स्थिति में) पात्रता की जांच एवं दस्तावेजों के सत्यापन के समय पर्याप्त साक्ष्य प्रस्तुत करने पर अवसर दिया जायेगा।
4. इसके पश्चात् ऑनलाईन आवेदन में किसी प्रकार का संशोधन/परिवर्तन स्वीकार नहीं किया जायेगा तथा ऐसी किसी भी त्रुटि का सम्पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा।

विज्ञापन की शेष शर्ते विज्ञापन संख्या 07/2021 दिनांक 24.11.2021 व संशोधित विज्ञप्ति दिनांक 24.01.2022 के अनुसार यथावत रहेगी।

(पुष्कर राज शर्मा)
सचिव